समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ईरान-इजरायल सीजफायर का असर : डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ रुपया, शेयर बाजार मे भी दिखी रौनक।

Publisher

Published on 25 Jun 2025

## दो दिन मे रुंपये मे जंबरदस्त सुधार, क्रूड ऑयल की कीमतों और एफआईआई बिकवाली ने सीमित किया मुनाफा।

**नई दिल्ली | 26 जून 2025: ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर** की खबरों के बाद **वैश्विक बाजारों** में स्थिरता लौटती दिख रही है। इसी बीच **भारतीय रुपया भी डॉलर** के मुकाबले लगातार दूसरे दिन मजबूत होता नजर आया। बुधवार को रुपया 13 पैसे की मजबूती के साथ 85.92 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**क्या कह रहे है कंरेंसी एक्सपर्ट ?**

**विदेशी मुद्रा डीलरों** का कहना है कि हालांकि **क्रूड ऑयल** की कीमतों में हल्की तेजी और **एफआईआई** की बिकवाली के चलते रुपये की बढ़त थोड़ी सीमित रही, लेकिन **ईरान-इजरायल तनाव** में राहत से **भारतीय मुद्रा** को सपोर्ट मिला है।
रुपया बुधवार को **86.00 पर खुला** और फिर **85.92 पर बंद** हुआ।

मंगलवार को रुपया **73 पैसे मजबूत होकर 86.05 पर बंद हुआ** था, जो पिछले **5 वर्षों मे संबसे बड़ी एक दिन** की बढ़त थी।

**क्रूड ऑयल और डॉलर इंडेक्स की चाल**

१. **ब्रेटं क्रूड की कीमत 1.30% बढ़कर 68.01 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।**
२. **डॉलर इंडेक्स (Dollar Index) भी 0.06% की मामूली बढ़त के साथ 97.91 पर रहा।**

**शेयर बाजार मे भी दिखा पॉजिटिव असर**

१. **बुधवार को घरेलू शेयर बाजार मे भी मजबूत शुरुआत देखने को मिली।**
२. **सेसेंक्स 426.79 अंकों की तेजी के साथ 82,481.90 पर पहुंचा।**
३. **निफ्टी-50 भी 123.25 अंकों की बढ़त के साथ 25,167.60 पर कारोबार करता दिखा।**

हालांकि, मंगलवार को **विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII)** ने **5,266.01 करोड़ रुपये** के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की, जो बाजार के लिए एक निगेटिव संकेत रहा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.